# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

SJU Govt. Registered Social Justice Union


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 21 दिसंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 83

## आठ साल में एससी, एसटी और ओबीसी के लिए भरी गईं चार लाख से ज्यादा बैकलॉग रिक्तियां

**नई दिल्ली** । आरएनएस



अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित सरकारी नौकरियों में साल 2016 से अब तक चार लाख से अधिक बैकलॉग रिक्तियां भरी गई हैं।

केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मामलों के राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को बताया, रिक्तियों का होना और उनका भरना, जिसमें बैकलॉग आरक्षित रिक्तियां भी शामिल हैं, एक सतत प्रक्रिया है।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों को बैकलॉग आरक्षित रिक्तियों की पहचान करने, रिक्तियों के मूल कारणों का अध्ययन करने, उन कारणों को दूर करने के उपाय शुरू करने और विशेष भर्ती अभियान सहित उन्हें भरने के लिए एक आंतरिक समिति गठित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आरक्षण से संबंधित आदेशों और निर्देशों का उचित अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार के प्रत्येक मंत्रालय/विभाग को उप सचिव और उससे ऊपर के रैंक के एक अधिकारी को संपर्क अधिकारी के रूप में नामित करना आवश्यक है।

प्रत्येक मंत्रालय/विभाग के लिए संपर्क अधिकारी की सहायता के लिए एक विशेष रिजर्वेशन सेल भी स्थापित करना आवश्यक है।

एक अन्य सवाल के जवाब में जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार ने न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन की नीति के अनुरूप सरकार में निर्णय लेने में दक्षता बढ़ाने की पहल शुरू की है। निर्णय लेने में दक्षता बढ़ाने की पहल को केंद्रीय सचिवालय कार्यालय प्रक्रिया नियमावली में शामिल किया गया है, जिसमें विभिन्न स्तरों की समाप्ति, एक अधिकारी की अनुपस्थिति में दूसरे को काम सौंपना, डिजिटलीकरण और डेस्क अधिकारी सिस्टम पर ध्यान केंद्रित करते हुए चार आयामी दृष्टिकोण अपनाया गया है।

इसे सभी मंत्रालयों/विभागों में लागू किया गया है। सरकार ने नवंबर 2024 में मंत्रालयों/विभागों में निपटान के स्तरों और सबमिशन के चैनलों की समीक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं कि इनके स्तर चार से अधिक न हों।

मिशन कर्मयोगी सरकारी कर्मचारियों के दृष्टिकोण, कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार की एक पहल है।

मिशन का लक्ष्य कार्यात्मक के साथ व्यावहारिक दक्षताओं पर डोमेन क्षमता बढ़ाना है।

मिशन की एक प्रमुख विशेषता डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म - आईजीओटी कर्मयोगी है, जो सिविल सेवकों को शासन, नीति कार्यान्वयन और टेक्नोलॉजी में अपने कौशल को उन्नत करने में मदद करने के लिए 1,500 से अधिक पाठ्यक्रम प्रदान करता है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि यह अधिक कुशल सार्वजनिक सेवा वितरण सुनिश्चित करने में मददगार है और सार्वजनिक सेवा में दक्षता, जवाबदेही और पारदर्शिता को बढ़ावा देने में मदद करता है।

## पेट्रोल पंप के बाहर सीएनजी टैंकर में ट्रक की टक्कर के बाद विस्फोट, 8 मौत

**जयपुर** । आरएनएस



राजस्थान की राजधानी जयपुर में शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां अजमेर रोड पर पेट्रोल पंप के बाहर खड़ी सीएनजी टैंकर में एक ट्रक टकरा गया। इससे टैंकर में विस्फोट हो गया।विस्फोट में कई गाडिय़ां चपेट में आई हैं, जिसमें अभी तक 8 लोगों की मौत की जानकारी सामने आई है।मौके पर पुलिस बल और अग्निशमन बल के कर्मचारी तैनात हैं और रोड बंद कर दिया गया है। दमकल की 30 गाडिय़ों ने आग बुझाई है।

शुक्रवार तडक़े 5:30 बजे अजमेर रोड पर भांकरोटा इलाके में पेट्रोल पंप के बाहर खड़े एक सीएनजी टैंकर से ट्रक आकर टकरा गया। ट्रक में केमिकल था।टक्कर से इतना तेज धमाका हुआ कि आसपास मौजूद लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला। इस दौरान पास खड़ी करीब 40 गाडिय़ां, जिसमें ट्रक, कार, बस भी धमाके की चपेट में आ गए और दूर तक आग की लपटें दिखीं।हादसे में कई लोग जिंदा जल गए, जबकि कई गंभीर घायल हैं।

जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ दीपक माहेश्वरी ने बताया कि कुल 4 शव अस्पताल पहुंचे थे, जबकि 25 लोग गहन चिकित्सा ईकाई (आईसीयू) में भर्ती हैं।उन्होंने बताया कि और घायलों को भी अस्पताल लाया जा रहा है। करीब 15 लोग 80 प्रतिशत से ज्यादा जले हैं। उनकी हालत गंभीर है।राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मेडिकल कॉलेज पहुंचे हैं और घायलों के समुचित उपचार का निर्देश दिया है। जांच के निर्देश दिए गए हैं।

## कोहरे के चलते थमी ट्रेनों की रफ्तार, देरी से चल रही हैं 13 रेलगाड़ियां

**नई दिल्ली** । आरएनएस



उत्तर भारत में घने कोहरे के कारण कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं. ऐसे में यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे ट्रेन पकडऩे के लिए स्टेशन पर पहुंचने से पहले ट्रेनों का लेटेस्ट स्टेटस चेक कर लें. ट्रेनों की ताजा अपडेट या लाइव स्थिति नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम या एनटीईएस पर देखी जा सकती है. एनटीईएस एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है.

गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से उत्तर भारत में ट्रेन देरी से चल रही हैं या फिर उन्हें कोहरे की वजह से कैंसिल कर दिया गया है. इससे पहले पहले बुधवार को 25 ट्रेनें लेट चल रही थीं, जबकि मंगलवार को कोहरे के कारण 16 ट्रेनों की रफ्तार थम गई थी.

इससे पहले रेलवे ने कुछ ट्रेनों को आंशिक रूप से कैंसिल कर दिया था. इनमें ट्रेन संख्या 12097 अगरतला-खोंगसांग जनशताब्दी एक्सप्रेस,ट्रेन संख्या 12098 खोंगसांग-अगरतला जनशताब्दी एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 07589 तिरूपति-कादिरिदेवरपल्ली स्पेशल,ट्रेन संख्या 07590 कादिरिदेवरपल्ली-तिरुपति स्पेशल, ट्रेन संख्या 19666 उदयपुर सिटी-खजुराहो एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 19665 खजुराहो-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस शामिल हैं.

## हेलीकॉप्टर हादसे में सीडीएस बिपिन रावत की मौत की जांच रिपोर्ट आई, मानवीय भूल बताया कारण

**नईदिल्ली** । आरएनएस



साल 2021 में भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) बिपिन रावत उनकी पत्नी और 11 अन्य की हेलीकॉप्टर हादसे में हुई मौत की संसदीय समिति की रिपोर्ट आ गई है।संसद में पेश की गई रिपोर्ट में हादसे को मानवीय भूल बताया गया। रिपोर्ट में रक्षा संबंधी स्थायी समिति ने 13वीं रक्षा योजना अवधि के दौरान हुई भारतीय वायुसेना के विमान दुर्घटनाओं की संख्या के आंकड़े साझा किए हैं।इसमें दुर्घटनाओं की संख्या और उसका कारण बताया गया है।

रिपोर्ट में कुल 34 हादसों का जिक्र है, जिसमें 33वें नंबर पर एमआई-17वी5 हेलीकॉप्टर की दुर्घटना तारीख 8 दिसंबर, 2021 बताई गई है।इसमें हादसे का कारण एचई(ए) या मानवीय भूल (एयरक्रू) बताया गया है।रिपोर्ट में मंत्रालय के हवाले से बताया कि इन जांच समितियों की सिफारिशें दुर्घटना को रोकने के इरादे से प्रक्रिया, कार्यप्रणाली, प्रशिक्षण, उपकरण, संस्कृति, संचालन, रखरखाव और प्रशासन की समग्र समीक्षा करती हैं।वायुसेना प्रमुख ने बताया कि उपायों पर काम किया जा रहा है।

8 दिसंबर को जनरल रावत और उनकी पत्नी मधुलिका रावत समेत 14 लोगों को ले जा रहा वायुसेना का एमआई-17वी5 हेलीकॉप्टर तमिलनाडु के कोयंबटूर में कन्नूर के पास क्रैश हो गया था।जनरल रावत सुलूर हवाई अड्डे से वेलिंगटन एक कॉलेज में लैक्चर देने के लिए जा रहे थे और इसी दौरान हादसा हुआ।घटना में जनरल और उनकी पत्नी समेत 11 सैन्य सशस्त्र बल कर्मी मारे गए थे। ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह की इलाज के दौरान मौत हुई थी।

## भोपाल के जंगल में एक कार में मिला 52 किलो सोना

**भोपाल** । आरएनएस



मध्य प्रदेश में आयकर विभाग की जारी कार्रवाई के दौरान राजधानी भोपाल के करीब स्थित मेडोरा के जंगल में एक कार से 52 किलोग्राम सोना बरामद हुआ है। यह सोना किसका है और कहां से लाकर कहां ले जाया जा रहा था, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

राज्य में इन दिनों आयकर विभाग की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आयकर विभाग ने बिल्डर के भोपाल, ग्वालियर के अलावा इंदौर में कई ठिकानों पर दबिश दी। इसके साथ परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक के यहां भी तलाशी का अभियान चला। यह कार्रवाई चल रही थी कि गुरुवार की देर रात राजधानी के करीब रातीबड़ क्षेत्र में स्थित मेंडोरा के जंगल में एक लावारिस कार मिली। इस कार का कांच तोडक़र देखा गया तो उसमें 52 किलोग्राम सोना मिला।

बताया जा रहा है कि आयकर विभाग के दल ने पुलिस के साथ मिलकर कार्रवाई को अंजाम दिया है। यह कार ग्वालियर नंबर की है। इतना ही नहीं इस कार पर सायरन लगे हुए हैं और पुलिस का निशान भी अंकित है। पता चला है कि इस कार का पंजीकरण किसी महिला के नाम पर है।

कार के भीतर एक महिला का शॉल और मेकअप का सामान भी मिला है। इस आधार पर यह आशंका जताई जा रही है कि जब कार को लावारिस हालत में छोड़ा गया, उस वक्त कोई महिला भी कार में रही होगी। इसके साथ ही जिस क्षेत्र में यह कार मिली है, उस क्षेत्र में कई वरिष्ठ अधिकारियों के फार्म हाउस भी हैं। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा मध्य प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में कार्रवाई की जा रही है। इंदौर में कांग्रेस नेता गोलू अग्निहोत्री के यहां प्रवर्तन निदेशालय ने दबिश दी थी। वहीं, एक कारोबारी उमेश शाहरा के ठिकानों पर भी प्रवर्तन निदेशालय ने कार्रवाई की थी।

### नर्स से सामूहिक दुष्कर्म

## टेंपों से अगवा कर गजक खिलाकर किया बेहोश, दूसरे समुदाय के तीन युवकों की दरिंदगी

**मेरठ** । आरएनएस

मेरठ के लोहियानगर थाना क्षेत्र में गढ़ रोड स्थित एक हॉस्पिटल की नर्स को दूसरे समुदाय के तीन युवकों और एक महिला ने टेंपो में अगवा कर लिया। एक महिला ने उसे गजक खिलाई। इससे वह बेहोश हो गई। इसके बाद उसे एक मकान में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया गया।

गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ लोहियानगर थाने पहुंचकर नर्स ने दो युवकों को नामजद करते हुए महिला समेत चार के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। विश्व हिंदू परिषद के शास्त्रीनगर प्रखंड मंत्री आशीष गुप्ता के साथ युवती शुक्रवार को लोहियानगर थाने पहुंची। उसने बताया कि वह नर्स है। बुधवार शाम ड्यूटी खत्म कर वह तेजगढ़ी चौराहे से टेंपो से घर जा रही थी। टेंपो में बैठी एक महिला ने युवती को गजक दी। गजक खाते ही वह बेहोश हो गई, उसे अलीपुर ले जाकर एक मकान में दुष्कर्म किया गया। वहां से वह घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी।

पुलिस का कहना है कि युवती एक आरोपी की पहले से परिचित है। उसने पहले बंधक बनाकर मारपीट करने की तहरीर दी थी। इस पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। बाद में युवती ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। युवती को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी दाऊद, उसके भाई वाहिद और एक महिला को गिरफ्तार कर लिया। सीओ कोतवाली आशुतोष कुमार का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मेरठ के शताब्दी नगर में प्रदीप मिश्रा की कथा में अनियंत्रित हुई भीड़, कई महिलाएं चोटिल

- **अधिकारियों का कहना है कि एक महिला गिरी थी, कोई हताहत नहीं है, एडीजी, कमिश्नर, डीएम भी मौके पर**

**मेरठ** । आरएनएस



मेरठ के शताब्दी नगर में चल रही प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण के दौरान भीड़ अनियंत्रित हो गई। एंट्री गेट पर कई महिलाएं गिर पड़ीं। महिलाओं को हल्की चोटें भी आई हैं। बताया गया कि कथा का आज छठा और अंतिम दिन है।

आज ढाई लाख पहुंची श्रद्धालुओं की संख्या

हर दिन जहां डेढ़ लाख श्रद्धालु कथा सुनने पहुंच रहे थे वहीं आज श्रद्धालुओं की संख्या ढाई लाख पहुंच गई। बताया गया कि व्यवस्था बनाने में काफी दिक्कत आई। भीतर की तरफ पंडाल पूरी तरह फुल हो गया, जबकि बाहर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हो गए थे। इनमें काफी संख्या में महिलाएं भी थीं। बाहर जमा श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस दौरान कई महिलाएं मामूली रूप से चोटिल हो गईं।

**ये बोले आयोजक**

हालांकि आयोजकों को कहना है कि कथा स्थल पर भगदड़ नहीं मची बल्कि बाहर ज्यादा संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, ऐसे में पंडाल के बाहर जमा श्रद्धालुओं की व्यवस्था बनाने में परेशानी हुई। इस दौरान कुछ महिलाएं गिर गईं। फिलहाल व्यवस्था बनाई जा रही है। पुलिस मौके पर मौजूद है। बताया गया कि कथा स्थल के सभी पंडाल फुल हो चुके हैं। जितनी जनता पंडाल के अंदर थी। उससे ज्यादा पंडाल के बाहर रही। अंतिम दिन होने के कारण कई जगह बैरिकेडिंग की गई है।

**गुरुवार को कथा में बोले प्रदीप मिश्रा, मिट नहीं सकती सनातन की सुगंध**

शताब्दीनगर में चल रही शिव महापुराण कथा में गुरुवार को कथा व्यास पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि परमात्मा ने जो भी अवसर दिए हैं, उनका सदुपयोग करें। अगर सदुपयोग कर लिया तो फिर कोई आपको गिराने वाला नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म दैवीय सुगंध है।

सनातन की सुगंध को कोई मिटा नहीं सकता। कथा में महामंडलेश्वर अनंतदास महाराज (फ्लाइट बाबा) भी पहुंचे। पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने व्यास पीठ का पूजन किया। पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि अगर कोई असमर्थ बालक या बालिका को शिक्षा दिलवा सके तो इससे बेहतर कोई दान नहीं है। महीने में एक शिवरात्रि, वर्ष में बारह शिवरात्रि और महाशिवरात्रि आती है, वहीं शिव कथा के मध्य में नित्य ही शिवरात्रि आती है। कथा से पूर्व वीआईपी पंडाल से कुर्सी हटा दी गई। कुर्सी हटाने पर उन्होंने कहा कि बहुत प्रसन्नता हो रही वीआईपी वालों के घुटने मेरे भोले बाबा ने सही कर दिए हैं। सभी नीचे जमीन पर आराम से बैठे हैं।

**कथा व्यास ने कहा- चींटी से एकजुट होना सीखें**

कथा व्यास ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी ने भी नारा दिया है- बंटोगे तो कटोगे। यह संदेश सबको साथ जोडऩे के लिए है। उन्होंने कहा कि सभी समूह में रहें। चींटी भी हमें ज्ञान देती हैं। चींटियां समूह में चलती हैं। इसलिए चींटी से एकजुट होना सीखें। एकजुट होकर कचरे में भी शक्कर का दाना निकाल लेती हैं।

**अंतिम दिन व्यवस्था बनाने में छूटे आयोजकों के पसीने**

कथा के दौरान अंतिम दिन भारी भीड़ से अव्यवस्था हावी रही। भीड़ अधिक होने के कारण हर तरफ बैरिकेडिंग की गई थी। वीआईपी कार्ड धारकों को गेट नंबर 1 से अंदर भेजा जा रहा था। इसी दौरान काफी संख्या में महिलाएं इस गेट की ओर चली आईं पुलिस ने इस गेट से महिलाओं को जाने से रोका तो इसी दौरान कुछ महिलाएं पीछे लौटते समय नीचे गिर गईं नीचे गिरी महिलाओं को अन्य श्रद्धालुओं ने उठाया। इसी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे कथा में भगदड़ की अफवाह फैल गई। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि कथा में किसी तरह की कोई भगदड़ नहीं मची है। कोई घायल हुआ है कथा सुचारू रूप से चल रही है। भगदड़ की सूचना अपवाह है। एसपी क्राइम भी मौके पर मौजूद हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### रायगढ़ में बारातियों से भरी बस पलटी, पांच लोगों की मौत

**रायगढ़ (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के रायगढ़ में शुक्रवार को सडक़ हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और 27 लोग घायल हो गए। सभी लोग लोग एक शादी समारोह शामिल होने के लिए जा रहे थे। रायगढ़ में तम्हिनी घाट पर बारातियों से भरी एक प्राइवेट बस खतरनाक मोड़ पर पलट गई। हादसे की जानकारी मिलने पर माणगांव पुलिस टीम बचाव दल और एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंची। एक अधिकारी ने बताया कि बारातियों से भरी बस लोहगांव से महाड में बिरवाडी की ओर जा रही थी। इस दौरान बस चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण बस पलटने से हादसा हो गया। मृतकों में तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। 27 घायलों को इलाज के लिए माणगांव ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। मृतकों की पहचान संगीता जाधव, गौरव दराडे, शिल्पा पवार और वंदना जाधव के रूप में हुई है। जबकि एक व्यक्ति की पहचान की जा रही है। माणगांव पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक निवृत्ती बोराडे ने बताया कि पलटी हुई बस के अंदर फंसे 27 घायल मेहमानों को बचा लिया गया और अस्पताल ले जाया गया। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। एनसीपी (शरद पवार) गुट की सांसद सुप्रिया सुले ने हादसे पर दुख जताया है। सुप्रिया सुले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह बहुत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण खबर है कि तम्हिनी घाट पर बारातियों से बस पलट गई। दुर्घटना में कुछ लोगों की मौत हो गई है। हादसे में कुछ लोग घायल हुए हैं जिनका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में मैं जिला प्रशासन के संपर्क में हूं और तत्काल सहायता एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। ईश्वर से प्रार्थना है कि घायल व्यक्ति सकुशल घर लौट आये। मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि।

### दिल्ली के स्कूल को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी, दिसंबर में चौथा ऐसा मामला

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के स्कूलों को धमकी मिलने का सिलसिला नहीं रुक रहा है। शुक्रवार को एक बार फिर द्वारका के दिल्ली पब्लिक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है।स्कूल प्रबंधन को गुरुवार रात को ईमेल के जरिए धमकी दी गई थी। सुबह इसकी जानकारी होते ही प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी और स्कूल में कक्षाएं निलंबित कर दी।पुलिस को जांच के दौरान स्कूल परिसर से कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। फिलहाल जांच जारी है। धमकी मिलने के बाद स्कूल ने कक्षाओं को ऑनलाइन चलाने का निर्णय लिया है। पुलिस ईमेल भेजने वाले की जानकारी जुटा रही है।इससे पहले मंगलवार को इंडियन पब्लिक स्कूल और दिलशाद गार्डन पब्लिक स्कूल को धमकी मिली थी। पुलिस ने स्कूल में 2 घंटे तक तलाशी ली थी, लेकिन उसमें कुछ नहीं मिला।दोनों स्कूलों को भी ईमेल से धमकी भरा पत्र भेजा गया था। लगातार मिल रही धमकियों से अभिभावक भी चिंता में हैं। 8 दिसंबर को दिल्ली के 44 स्कूलों को ईमेल भेजकर धमकी दी गई और 30,000 अमेरिकी डॉलर मांगे गए थे।इसके बाद 13 दिसंबर को 16 स्कूलों को धमकी मिली। फिर 16 दिसंबर को 20 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई।इनमें किसी भी स्कूल में धमकी देने वाले का पता दिल्ली पुलिस नहीं लगा पाई है। दिल्ली के रोहिणी इलाके में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल स्कूल के पास कुछ हफ्ते पहले धमाका भी हुआ था।

### हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला का 89 साल की उम्र में निधन

**गुरुग्राम (आरएनएस)।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला का निधन हो गया है। 89 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली।गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में उन्होंने दोपहर करीब 12 बजे अंतिम सांस ली। उन्हें सांस लेने में परेशानी थी और बीते कई साल से उनका इलाज चल रहा था। आज अचानक तबीयत बिगडऩे पर उन्हें दोबारा मेदांता में ले जाया गया था।वह भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल के सबसे बड़े बेटे थे। चौटाला का जन्म 1 जनवरी, 1935 को डबवाली के चौटाला गांव में हुआ था।2 दिसंबर, 1989 को चौटाला पहली बार मुख्यमंत्री बने थे और 22 मई, 1990 तक पद पर रहे।12 जुलाई, 1990 को चौटाला ने दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, लेकिन 5 दिन बाद ही इस्तीफा देना पड़ा।22 अप्रैल 1991 को चौटाला ने तीसरी बार मुख्यमंत्री पद संभाला।जुलाई, 1999 में चौटाला चौथी और मार्च, 2000 में 5वीं बार हरियाणा के मुख्यमंत्री बने।